दिल्ली पब्लिक स्कूल, जम्मू
पुनरावृत्ति पत्रिका
सत्र (2019–20)

कक्षा – तीसरी   विषय – हिन्दी

उपविषय – पाठ – 1 भोर हुई, उठ जाओ बच्चो (कविता), पाठ – 2 दुष्ट का अंत

व्याकरण – भाषा, संज्ञा और लिंग, अपठित गद्यांश, पठित गद्यांश, चित्र वर्णन

अपठित गद्यांश

प्र॰1. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए –

एक कौआ था। वह जंगल में एक पेड़ पर रहता था। एक दिन उसे रोटी का टुकड़ा मिला। रोटी का टुकड़ा देखकर वह बहुत खुश हुआ। वह उसे लेकर पेड़ की डाल पर बैठ गया और उसे खाने ही लगा था कि तभी वहाँ एक लोमड़ी आ गई। उसने कौए की चोंच में रोटी का टुकड़ा देखा, जिसे देखकर लोमड़ी के मुँह में पानी आ गया। उसने कौए से रोटी का टुकड़ा छीनने का एक उपाय सोचा। वह पेड़ के नीचे आई और कौए से बोली, ''कौए, भाई आप तो बहुत मीठा गाते हो, अपनी मीठी और मधुर आवाज़ में एक गाना सुना दो ना।'' अपनी तारीफ सुनकर कौआ खुश हो गया। उसने जैसे ही गाने के लिए मुँह खोला, वैसे ही रोटी का टुकड़ा नीचे गिर गया। लोमड़ी ने जल्दी से रोटी का टुकड़ा उठाया और वहाँ से भाग गई। बेचारा कौआ काँव–काँव करता रह गया।

(क) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए –

प्र.1 कौआ रोटी का टुकड़ा लेकर कहाँ बैठ गया ?

प्र.2 जब कौए ने गाने के लिए मुँह खोला तो क्या हुआ ?

(ख) निम्नलिखित वाक्यों में सही विकल्प चुन कर लिखिए –

1. कौआ कहाँ रहता था ?

   (i) पेड़ पर   (ii) तालाब में   (iii) घर में

2. क्या देखकर लोमड़ी के मुँह में पानी आ गया ?

   (i) अंगूर   (ii) रोटी का टुकड़ा   (iii) पनीर

(ग) निम्नलिखित शब्दों के सही अर्थ चुनकर लिखिए –

1. मधुर – कड़वा, मीठा, नमकीन
2. पानी –जल, रोटी, फल

व्याकरण

प्र॰2. निम्नलिखित वाक्यों को पढ़कर भाषा के सही रूप लिखिए–

क. सचिन फोन पर बात कर रहा है।

ख. माला ने कहानी सुनाई।

ग. राहुल पत्र लिख रहा है।

घ. रीता किताब पढ़ रही है।

प्र॰3. निम्नलिखित रिक्त स्थान भारिए–

क. केरल की भाषा_______________ है।

ख. भारत में अनेक _______________ बोली जाती हैं।

ग. भारत की राष्ट्र भाषा _______________ है।

घ. आंध्र प्रदेश की भाषा_______________ है।

प्र॰4. निम्नलिखित वाक्यों में संज्ञा शब्द चुनकर लिखिए–

1. भारत हमारा देश है।
2. दादा जी के पास छाता है।
3. मेरी कक्षा में तीन पंखें हैं।
4. मोर के पंख रंग–बिरंगे हैं।

प्र॰5. निम्नलिखित वाक्यों में सही संज्ञा शब्द लिखकर वाक्य पूरे कीजिए–

1. हमें रोज़ _______________ जाना चाहिए।
2. जंगल में_______________ नाच रहा है
3. _______________ पौधों को पानी दे रहा है।
4. _______________ जंगल का राजा है।

प्र॰6. निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित शब्दों के लिंग बदलकर वाक्य दोबारा लिखिए–

1. <u>हाथी</u> झूम–झूम कर चल रहा है।
2. <u>नौकर</u> सफाई कर रहा है।
3. <u>पुजारी</u> पूजा कर रहा है।
4. मेरे <u>दादाजी</u> सो रहे हैं।

प्र॰7. कोष्ठक में दिए गए शब्द का लिंग बदलकर रिक्त स्थान में भरिए–

1. ________________ बाजार जा रही है। (सेठ)
2. ________________ दाना खा रही है। (चिड़ा)
3. ________________ ने जाल काट दिया। (चुहिया)
4. ________________ काम कर रही है। (सेवक)

पाठ से संबंधित

प्र॰8. निम्नलिखित पठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़ कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए–

एक दिन तालाब के पास से एक किसान गुज़रा। मगर ने किसान को आवाज़ लगाकर कहा – "किसान भाई, आप तो बहुत भले आदमी लगते हैं। देखो, इस तालाब का पानी सूख गया है। मुझे किसी और तालाब पर पहुँचा दो, नहीं तो मैं मर जाऊँगा मैं कई दिनों से भूखा हूँ।" किसान को उस पर दया आ गई। वह बोला – "मेरे साथ आओ। मैं तुम्हें बड़े तालाब पर पहुँचा दूँगा।" फिर, किसान आगे–आगे और मगर उसके पीछे–पीछे चल दिया। कुछ ही देर बाद वे बड़े तालाब पर पहुँच गए। किंतु ज्यों ही किसान वापस जाने लगा तो मगर ने उसकी टाँग पकड़ ली।

(क) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए –

1. तालाब के पास से कौन गुजरा और मगर ने क्या किया ?
2. कुछ ही देर में वे कहाँ पहुँच गए और मगर ने क्या किया ?

(ख) निम्नलिखित वाक्य में सही या गलत लिखिए–

किसान को उस पर दया आ गई।

प्र0 9 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए–

क. किसान ने मगर की सहायता क्यों की ?

ख. लोमड़ी ने जंगल के जानवरों को किस बात के लिए सावधान किया ?

ग. लोमड़ी और सियार तालाब पर क्यों गए थे?

घ. लोमड़ी मगर को कहाँ ले गई ?

प्र॰10 निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखकर वाक्य बनाइए–

क. मगर — ख. जानवर

ग. निर्दय — घ. भला आदमी

प्र॰11 निम्नलिखित रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–

1. किसी को पता न था कि तालाब में एक ________________ आ गया है।
2. लोमड़ी ________________ भागी।
3. यह कहकर लोमड़ी ________________ की ओर भाग गई।
4. थोड़ीदेर में किसान के ________________ आएँगे।

प्र॰12. निम्नलिखित कविता की पंक्तियाँ पूरी कीजिए–

सूरज से फूटी स्वर्णिम किरणें

____

डालों पर खिल गए नए फूल

____

प्र॰13. सही विकल्प चुन कर लिखिए–

क. मगर को दूसरे तालाब पर किसने पहुँचाया ?

1. किसान 2. बनिया 3. सियार

ख. तालाब में कौन रहता था ?

1. कछुआ 2. मगर 3. साँप

प्र॰14– निम्नलिखित वाक्य में सही या गलत लिखिए–

क. मगर ने सियार को अपना शिकार बना लिया ।

ख . किसान ने मगर को मार दिया ।

रचनात्मक लेख

प्र॰15 निम्न दिए गए चित्र का वर्णन सहायक सूची के माध्यम से अनुच्छेद के रूप में कीजिए –

शब्द सीमा (60–70)

सहायक सूची– जन्मदिन, उपहार, मेज़, केक, मोमबत्तियाँ, टोपियाँ, बच्चे, खुश, रंग–बिरंगे गुब्बारे, शरबत, खाने का सामान, लड़का, तस्वीर, खींच, अच्छा